अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 22 दिसंबर 2025
पौष शुक्ल द्वितीया
विक्रम संवत-2082

PAGE NO : 04 MIDDLE

# संगीत और नृत्य की जुगलबंदी पर झूम उठे लोग

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार को नृत्य और संगीत की जुगलबंदी पर लोग झूम उठे। भाव और राग को समेटे सुरों के कार्यक्रम रूहदारियां में गायन गुरुओं और विद्यार्थियों ने कथक और भरतनाट्यम की प्रस्तुति से समां बाध दिया।

कार्यक्रम का आरंभ इंस्ट्रूमेंटल गुरु पवन भारद्वाज ने किया। गायन की विद्यार्थी वंदना दुग्गल खन्ना और शालिनी पांडेय ने 'कहां हो तुम चले आओ' गीत गाया। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने शिष्य अर्णव कन्नोजिया के साथ 'तोसे नैना लागे पिया सांवरे' को स्वर दिया। इस गीत पर कथक की विद्यार्थी क्षमा अग्रवाल ने नृत्य की बैठकी भाव को प्रस्तुत किया।

गायन गुरु सात्विक मिश्रा ने गीत 'मैं ने जाना खेड़िया दे नाल' में हीर रांझा की कहानी को अपनी आवाज में प्रस्तुत किया। भरतनाट्यम गुरु तनया भट्टाचार्य ने अपने नृत्य से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अतिथि गायक इंदू परडल ने गजल पेश कर वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुज कुमार ने किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, देविशा मूर्ति सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। संवाद